# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जिम्मेदारों ने खानापूर्ति तक नहीं की

# पुलिस व खनिज की सुस्ती से कोयलांचल में अवैध खनन चरम पर








हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत धनपुरी सहित बुढ़ार और अमलाई थाना क्षेत्रों में कोयले का अवैध उत्खनन और ईंट भ_ों में उसकी खपत ने शायद वैधानिक रूप ले लिया है, खुलेआम बंद पड़ी कोल माईंसों के मुहाड़ों सहित खुली खदानों और ट्रकों से कोयले का खनन और चोरी करके ईंट भ_ों तक पहुंचाने के कार्य में सैकड़ों युवाओं ने खुद को झोंक दिया है। अकेले धनपुरी थाना क्षेत्र के कब्रस्तान और नरगड़ा के समीप दर्जनों ईंट के भ_ों में सैकड़ों टन कोयला खप रहा है। यहां पुलिस और खनिज अमला खानापूर्ति तक नहीं कर पा रहा है। यही कारण है कि इस अवैध कारोबार ने अब एक उद्योग की शक्ल इख्तियार कर ली है।

## पुलिस-राजस्व का मैनेजमेंट

कब्रस्तान के समीप दर्जन भर ईंट के भ_ लगे हुए है, यहां खुद को पहले कांग्रेस और अब भाजपा को नेता बताने वाले ईंट के कारोबारी है तो, लाखों रूपये कर्ज देकर अलग-अलग लोगों से ईंट बनवाने का नया कारोबार चालू किया है, इसके साथ ही तथाकथित नेता स्थानीय पुलिस से लेकर शहडोल और तहसील कार्यालय से लेकर नेताओं तक के यहां ईंट और रूपया पहुंचाने का न सिर्फ दावा किया जा रहा है, बल्कि दर्जनों ईंट भट्ठों से वसूली भी की जाती है, यह बात अलग है कि नेता वसूली गई राशि और एकत्र किये गये लाखों ईंट को किसी अन्य को जगह खुद की जेब गर्म करने के लिए खपा देते हैं।

## पर्यावरण सहित वन संपदा संकट में

ईंट भ_ों को पकाने के लिए बड़ी मात्रा में चोरी का कोयला उपयोग में लाया जाता है, ईंट पकाने के दौरान जहरीला धुआं पर्यावरण को दूषित करता है, कब्रस्तान के चारों तरफ जहां ईंट पकाई जा रही है, वहां स्थानीय पेड़ों और पौंधों को भी काटा जा रहा है, ईंट निर्माण के लिए उपयोग में आने वाली मिट्टी के लिए खाईनुमा गड्ढे कर दिये गये हैं। अकेले धनपुरी नपा क्षेत्र में ही अवैध ईंट भ_ों के बड़े कारोबारियों में शामिल लोग साकिर, गोलू प्रजापति, बल्लू लोधी, गोलू कुशवाहा, सागर, देवा, नारायण करकटी, राजू, मुन्ना, पप्पू, बबलू, सरईकांपा क्षेत्र में सोनी नामक बड़े कारोबारी, नरगड़ा क्षेत्र में गोपाल, अर्जुन, कमलेश, हॉस्पिटल के पीछे कुरैशी बंधु, सिलपरी व चीप हाऊस क्षेत्र में सोनकर परिवार के 8 से 10 भ_ धधक रहे हैं। वहीं नरगड़ा श्मशान घाट के पास रतन, गुलाब , रोशन, थाने के ठीक पीछे मंजू और गुड्डू जेसीबी लगाकर मिट्टी और कोयले की आपूर्ति करते हैं, पास में ही राज कुरैशी का भी नाम जैसे प्रमुख नाम शामिल है।

## अपनी रोटी सेक रहे जिम्मेदार

दो दर्जन से अधिक ईंट भ_ सिर्फ कब्रस्तान क्षेत्र में ही धधक रहे हैं, हर ईंट भ_ के पीछे एक दर्जन मजदूर जिसमें छोटे बच्चों से लेकर गर्भवती महिलाएं तक शामिल है। न्यूनतम वेतन से भी कम दामों में




मजदूरी कर रहे हैं। धधक रहे ईंट भ_ो के ऊपर कोयले की लेयर और ईंटों को सजाने में न नौतपा की धूप से उन्हें राहत मिल रही है और न ही पैरों में चप्पल और हाथों में दस्ताने ही मुहैया कराये गये हैं। किसी भी श्रमिक को खाते में मजदूरी देना तो, दूर की कौड़ी नजर आती है, अलबत्ता संभागीय मुख्यालय में बैठे श्रम विभाग के जिम्मेदार छोटे-छोटे दुकानों को निशाना बनाकर अपनी रोटी जरूर सेक रहे हैं।

## इनका कहना है...

जिन स्थानों पर चोरी का कोयला पहुंच रहा है और ईंट पक रही है, उनसे दस्तावेज मांगे जायेंगे, कार्य कर रहे मजदूरों का पुलिस वैरीफिकेशन भी किया जायेगा।

**खेम सिंह पेन्द्रो**
**थाना प्रभारी, धनपुरी**

इस संदर्भ में संयुक्त जांच दल बनाकर जांच और कार्यवाही की जायेगी।

**राहुल शांडिल्य**
**खनिज अधिकारी, शहडोल**

इस संदर्भ में संयुक्त टीम बनाकर जांच कराई जायेगी, प्रदूषण से लेकर श्रम और चोरी के खनिज की जांच जल्द ही जायेगी।

अरविन्द शाह

**अनुविभागीय अधिकारी**
**सोहागपुर**

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की समीक्षा



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को संतुष्टि के साथ निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए है। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे तथा जिला प्रमुख अधिकारी शिकायतों के निराकरण की स्थिति की मॉनीटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जून माह के अंत तक विभिन्न विभागों में लंबित 50 दिन से अधिक की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। इसी तरह ई-केवायसी के कार्य में प्रगति लाने तथा सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दैनिक लक्ष्य बनाकर ई-केवायसी करने के निर्देश दिए गए। जिन स्थानों में आधार कार्ड से संबंधित समस्याएं आ रही हैं वहां आधार कार्ड बनवाने तथा सुधार करने से संबंधित शिविरों का आयोजन किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्नोमिजा एक्का, श्रीमती ज्योति परस्ते, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अखिलेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर धरा को बनाएं हरा भरा: विधायक



**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों व आम जनमानस बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए पौधों का रोपण कर रहे है और पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दे रहे है। एक पेड़ मां के नाम अभियान अब जनअभियान के रूप में चलाया जा रहा है। नगर परिषद ब्यौहारी मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विधायक ब्यौहारी शरद कोल ने प्रकृति की गोद को भरने के लिए पौधरोपण किया। उन्होंने आम नागरिकों से आव्हान किया कि वसुंधरा को हरा भरा बनाने के लिए पौधों का रोपण कर संरक्षण का संकल्प जरूर ले। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीकृष्ण गुप्ता राजन सहित अन्य लोगों ने भी पौधरोपण किया ।

### बनाया गया सेल्फी प्वाइंट

**शहडोल।** 15 जून से 30 जून तक जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत इस अभियान के अन्तर्गत शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान, जनधन खाता के वितरण के साथ ही सिकलसेल रोग और उसके परीक्षण के विषय में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, जिसमे जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं जनमानस द्वारा सेल्फी के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। शहडोल में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट में विधायक श्री जयसिंह मरावी, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नरेंद्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह,सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री आनंद राय सिंहा सहित जनमानस सेल्फी लेकर योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# शिक्षा के लिए भटक रही बेटी बैगा परिवार के लिए दूर है भोपाल, दिल्ली

## शासन की बेटी पढ़ाओ योजना को पलीता लगा रहे खुद जिम्मेदार




एसी की पहल पर एक साल बाद फिर स्कूल जा पायेगी शुभी

**शहडोल।** आदिवासी समाज वह भी बैगा जनजाति की बेटी जिसे स्कूल जाने की ललक है, पूरा परिवार उसे पढ़ाना चाहता है, लेकिन शिक्षा विभाग में बैठे नौकरशाहों और कलयुगी द्रोणाचार्यो की मनमानी के कारण प्रदेश ही नहीं देश भर के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं नारे को पलीता लगता नजर आ रहा है, मामला जिले के बुढ़ार विकास खण्ड का हैं, जहां आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित छात्रावास में अध्ययनरत शुभी बैगा को नये दाखिले के लिए महिला प्राचार्य ने भोपाल से काउंटर साईंन कराने का आदेश जारी किया था, इस मामले में बीते 03 जून को हरिभूमि ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, इस मामले को संज्ञान में लेते हुए सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा ने तत्काल समस्या के हल के आदेश दिये थे, लेकिन 20 दिनों के बाद भी उनके आदेश संबंधित विद्यालय के प्राचार्य तक नहीं पहुंच पाये।

**नहीं मिल सका दोबारा दाखिला -** बुढ़ार विकास खण्ड अंतर्गत कटकोना स्थित कन्या छात्रावास की छात्रा शुभी बैगा उन तमाम छात्राओं में से एक है, जिसकी पढ़ाई छुड़ाने के पीछे किसी और का नहीं बल्कि शिक्षा विभाग की महिला कर्मचारी और छात्रावास की अधीक्षिका ही हाथ हैं। कन्या शिक्षा परिसर बुढ़ार की छात्रा कुमारी शुभी बैगा पिता राधेलाल बैगा का कक्षा दसवीं में वर्ष 2023-24 के दौरान परीक्षा परिणाम पूरक रहा था, शुभी के पिता पास के ईंटा भट्टो में ईंट पाथने का काम करते हैं, किसी तरह बच्ची को 10 वीं तक की शिक्षा अर्जित कराने के लिए सरकारी विद्यालय में दाखिला दिलाया था, बच्ची के अनुत्रीण होने पर विद्यालय में दोबारा दाखिला नहीं मिल पाया, एक साल से बच्ची दोबारा कक्षा 10 वीं और आगे की शिक्षा के लिए घर पर ही बैठी है।

**राजधानी जाने की दी थी सलाह -** शुभी बैगा के परिजन उसे पढ़ाना तो चाहते थे और बच्ची पढना भी चाहती है, लेकिन सीबीएसई पैटर्न के कन्या शिक्षा परिसर में व अनुत्रीण हो गई, आगे की पढ़ाई भी रूक गई, क्षेत्रीयजनों ने इस मामले में बच्ची की रूचि को देखते हुए उसे माध्यमिक शिक्षा मण्डल, एमपी बोर्ड पैटर्न के विद्यालय में दाखिले की सलाह दी, जिससे किसी तरह बच्ची 10 और आगे की पढ़ाई कर सके, इस संदर्भ में विद्यालय की प्राचार्या वर्षा दुबे ने अन्यत्र दाखिले के लिए टीसी में आवश्यक काउंटर साइन हेतु भोपाल जाने की सलाह दी, यही नहीं क्षेत्रीय अधिकारी केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड भोपाल के नाम का एक पत्र काउंटर साइंन कराने के लिए बच्ची के परिजनों को थमा दिया। जो परिजन कभी शहडोल और उसके आगे नहीं गये, उस बैगा परिवार के लिए भोपाल, दिल्ली दूर है, जैसी कहावत को चरितार्थ करता है।

# घर का टूटा ताला, जेवरात और नगद ले उड़े चोर



**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के गोरतरा में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। दीपक गुप्ता का परिवार जब वृंदावन की यात्रा करके सोमवार सुबह वापस लौटा, तो उन्हें अपने घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाकर देखा तो, सभी सामान बिखरा पड़ा था और कीमती सामान गायब था। पीड़ित दीपक गुप्ता ने बताया कि लगभग 10 लाख रुपये का माल चोरी हुआ है, जिसमें 46 हजार रुपये की नगद राशि भी शामिल है। इस वारदात ने स्थानीय निवासियों में भय और आक्रोश उत्पन्न कर दिया है, क्योंकि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। घटना के तुरंत बाद थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया, हम सभी आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं और जल्द से जल्द आरोपियों को पकडने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा, हम स्थानीय लोगों से भी अपील करते हैं कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें।इस घटना ने न केवल पीड़ित परिवार को चिंता में डाला है, बल्कि आस-पास के अन्य निवासियों के बीच भी असुरक्षा की भावना पैदा की है। क्योंकि कोतवाली और सोहागपुर थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाओं ने लोगों को परेशान कर रखा है। हालांकि, पुलिस ने चोरी की बढ़ती घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए ही हाल में गश्त बढ़ाई है, लेकिन घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दो दिन पहले ही कोतवाली थाना क्षेत्र में एक घर से चोरी की बड़ी घटना सामने आई थी, जिस पर पुलिस ने चोरों को पकडने टीम का गठन किया था, लेकिन अब तक चोरों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है।

## नेतागिरी के साथ चल रहा अतिथि अध्यापन

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के नेता अपने लाभ और अपने हिसाब से नियमों को तोड़-मरोड़ कर लागू कर रहे हैं, इनके आगे न तो, मध्यप्रदेश सरकार और न ही संविधान ही कोई मायने रखता है, सोमवार को कलेक्टर को की गई शिकायत में यह मामला सामने आया कि भाजपा नेता अशोक मिश्रा की पत्नी श्रीमती सावित्री मिश्रा जो जनपद पंचायत बुढ़ार के वार्ड क्रमांक-06 से जनपद सदस्य है और साथ ही शासकीय हाई स्कूल खैरहनी में अतिथि शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। जनपद सदस्य श्रीमती सावित्री मिश्रा द्वारा अतिथि शिक्षक के साथ-साथ जनपद सदस्य का भी मानदेय हर माह लिया गया है, जो नियमतः गलत है। शिकायतकर्ता सुनील मिश्रा ने कलेक्टर को दी गई शिकायत में उल्लेख किया है कि जनपद सदस्य श्रीमती सावित्री मिश्रा द्वारा जनजातीय कार्य विभाग के साथ ही निर्वाचन आयोग से धोखाधड़ी करते हुए दोहरा लाभ लिया है, जो अपराध की श्रेणी में आता है, विद्यालय के प्राचार्य सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढ़ार को इस बात की जानकारी है कि श्रीमती सावित्री मिश्रा द्वारा ऐसा कृत्य किया जा रहा है। अतिथि शिक्षक रहने के दौरान कई बार श्रीमती सावित्री मिश्रा जनपद की मीटिंग में उपस्थित रही हैं, साथ ही उन्होंने उसी दिन अतिथि शिक्षक की उपस्थिति भी विद्यालय में दर्ज हुई है। श्रीमती सावित्री मिश्रा द्वारा जानबूझकर प्रशासन को धोखे में रखकर दोहरा लाभ लिया है, जिससे वास्तविक हकदार के हक का हनन हुआ है साथ ही नियम विरूद्ध तरीके से दोनों जगह से मानदेय अपने बैंक खाता में लिया गया है। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की जांच की मांग की है। कलेक्टर के साथ ही इस आशय की शिकायत स्कूल शिक्षा विभाग और सीएम हेल्प लाईन व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को भी प्रेरषित की गई है।




# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ का प्रथम संभागीय सम्मेलन बैठक संपन्न



**शहडोल।** संभागीय निर्वाचन पश्चात संभागीय इकाई के प्रथम बैठक का आयोजन भारत माता विद्यालय में आयोजित की गई है, बैठक में अपेक्षित पदाधिकारियों सहित पूर्व संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहें, जिनका सम्मान बैठक में किया जाना था। उक्त बैठक 22 जून को निर्धारित समय में भारत माता विद्यालय में संपन्न हुई, बैठक में प्रांतीय सचिव-संभाग प्रभारी महेन्द्र त्रिपाठी एवं प्रांतीय आयाम प्रमुख प्रकोष्ठ अरुण कुमार मिश्रा उपस्थित रहकर हम सभी को मार्गदर्शन तथा पाथेय प्रदान किए। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा माल्यार्पण और पूजन किया गया।मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, संभाग शहडोल के इस प्रथम सम्मिलन बैठक की अध्यक्षता नव निर्वाचित संभागीय अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा ने की, जबकि महेंद्र त्रिपाठी प्रांतीय सचिव, अरुण मिश्रा प्रांतीय आयाम प्रमुख, निवर्तमान संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि वक्ता मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे विनोद कुमार सिंह जिला सचिव, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ शहडोल ने समवेत स्वर में सरस्वती वंदना कराई। सभी मंचासीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत भाषण कैलाश प्रसाद गौतम , जिला अध्यक्ष, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला उमरिया ने दिया। निवर्तमान संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने संभाग के समस्त अभिलेख और पद मुद्रा सहित प्रभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष को सौंप कर सभी प्रमुख पदाधिकारियों को अंगवस्त्र और श्रीफल भेंट कर बधाई दी। संभागीय अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा ने निर्वतमान संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह को शाल, श्रीफल, शिवाजी महाराज की प्रतिमा और कुर्ता पायजामा सेट भेंट कर धन्यवाद ज्ञापन किया। इसी क्रम में प्रांतीय सचिव महेंद्र त्रिपाठी, आयाम प्रमुख अरुण मिश्रा और संभागीय संगठन मंत्री डॉ.नरेन्द्र पटेल को भी भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किया गया। इसके पश्चात उद्बोधनों के क्रम में पूर्व संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी के सहयोग से प्रांतीय अभ्यास वर्ग अमरकंटक में आयोजित हुआ। सभी धन्यवाद के पात्र हैं।

## खबर संक्षेप

### अमानक बीज, खाद का विक्रय करने वालों पर की जाए कार्यवाही: कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले मे अमानक बीज, खाद का विक्रय करने वालो पर सख्त कार्यवाही की जाए एवं टीम गठित करते हुए जांच करें। उन्होने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे समय समय पर अपने क्षेत्रांतर्गत बीज, खाद की दुकानों का निरीक्षण करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी.आर.नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### विभागीय लक्ष्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में समग्र ईकेवायसी, जल गंगा संवर्धन अभियान, तथा विभागीय लक्ष्यों की समीक्षा की । समीक्षा के दौरान उन्होने समग्र ई केवायसी के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए । जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि अभियान के तहत जो लक्ष्य विभाग को आवंटित है , उसे पूरा करे । यह अभियान 30 जून तक संचालित रहेगा । विभागीय लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि दिए गए लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### गंदगी से पटी नालियों की साफ-सफाई करवाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा है कि बरसात का मौसम प्रारंभ हो चुका है , वर्षा जनित बीमारियों से आम जनों को सुरक्षा प्रदाय करने हेतु आवश्यक है कि नगर स्थित समस्त नालियों की नियमित रूप से साफ सफाई करवाई जाए। उन्होने कहा कि घरों के सामने नाली का पानी रूके नही इस पर विशेष ध्यान दिया जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### मारपीट करने व जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत महिला शकुंतला चौधरी ने अपने पति के खिलाफ ही गाली गलोज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि महिला अपनी बेटी के साथ मायके में रहने के दौरान पति राजेश लेने आया था। बेटी की तबीयत ठीक ना होने की बात कहते हुए महिला नहीं गई। दूसरे दिन ससुराल पहुंची तो पति के द्वारा गुस्सा करते हुए गाली गलौज देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना मे लिया।

## तकनीकी मापदण्डों की खुलकर उड़ाई धज्जियां

# डोभा पंचायत में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पुलिया




**उमरिया।** किसी जमाने में पंचों को परमेश्वर कहा जाता था, लेकिन वह दौर अब गुजर चुका है, अब तो पंचयती राज भगवान भरोसे चल रहा है, पंचायतों में सरकारी खजाने से आने वाली राशि की बंदरबांट का खेल जारी है, इसमें सरकारी कर्मचारियों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों में ज्यादा कमाई करने की होड़ लगी है। पंचायत के जिम्मेदार आंख बंद कर सरकार के खजाने को बट्टा लगा रहे हैं।

जिले की जनपद पंचायत मानपुर के ग्राम पंचायत डोभा के ग्राम रंछा में बीते माहों में बनी पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है, सरकार की तमाम सख्ती के बावजूद ग्राम पंचायत में फर्जीवाड़ा और घोटाला थमने का नाम नहीं ले रहा है, अक्सर ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यो में घोटाले की खबरे सामने आती रहती है, ग्रामीण क्षेत्रों की भोली-भाली जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि अर्थात सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री द्वारा निर्माण कार्यो में तकनीकि मापदण्डों एवं कायदों की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होना कहीं न कहीं वरिष्ठ प्रशसनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

#### यह है मामला

ग्राम पंचायत डोभा में लीलावती सिंह के खेत के घर के पास रंछा एवं कंछेदी बैगा के खेत के पास दो पुलिया पांचवे वित्त से स्वीकृत हुई, उक्त दोनों पुलिया के लिए अलग-अलग 4 लाख 15 हजार रूपये की राशि स्वीकृत हुई, जिसमें 61 हजार मजदूरी पर व्यय होना था, लेकिन उक्त पुलिया निर्माण में तकनीकी मापदण्डों की खुलकर धज्जियां उड़ाई गई है। सचिव द्वारा ऑफ रिकार्ड पुलिया को वेण्डरों को ठेके पर देकर कार्य कराया गया है, निर्माण कार्य की गुणवत्ता से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिया निर्माण में किस स्तर का भ्रष्टाचार पंचायत के जिम्मेदारों ने किया है।

#### पुलिया निर्माण में भी हुई धांधली

सरकार गांवों में भवन निर्माण, स्टॉप डैम, आरसीसी रोड, नाली निर्माण बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, लेकिन भ्रष्टाचार का आलम यह है कि ग्राम पंचायत में सभी निर्माण कार्य मानकों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। बीते माहों में ग्राम पंचायत डोभा में सरपंच-सचिव द्वारा पुलिया निर्माण में दोयम दर्जे का कार्य किया था,पुलिया निर्माण में स्थल चयन में लापरवाही बरती गई, इसके बाद स्टीमेट से हटकर निर्माण सामग्री का उपयोग पुलिया निर्माण में किया गया, लेकिन आज तक इस निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार पर सचिव पर किसी प्रकार की गाज नहीं गिर सकी।

#### खुद का किया विकास

राम नाम की लूट है, लूट सको तो लूट की तर्ज पर ग्राम पंचायत डोभा में विकास कार्य के लिए आये पैसे का बंदरबांट कर हाजमोला की गोली खिला कर हजम किया जा रहा है, चर्चा है कि पंचायत के सचिव ने ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का खुला खेल-खेला है, बीते माह में ग्राम पंचायत में 5 वें वित्त से पुलिया निर्माण का कार्य किया गया है, जिसमें तकनीकी मापदण्डों का खुला उल्लंघन हुआ है, इस पूरे खेल में उपयंत्री की भूमिका संदेह के दायरे में है। पुलिया निर्माण में 5-1 के मसाले का उपयोग किया जा रहा है, इसके अलावा लोहे का जो उपयोग किया गया है, वह भी तकनीकी के अनुसार नहीं किया गया है।

#### गुणवत्ता दरकिनार

पुलिया निर्माण में गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से निर्माण कराया गया है, शासन की गाइड लाइन के अनुसार किसी भी शासकीय कार्य को प्रारंभ करने से पहले वहां प्राक्कलन बोर्ड लगाना अनिवार्य है, जिसमें उसकी लागत, कार्य प्रारंभ व समाप्ति दिवस, मद, संबंधित इंजीनियर का नाम, मोबाइल नंबर आदि का उल्लेख करना होता है, डोभा पंचायत में पुलिया चल रहा है, लेकिन बोर्ड नहीं लगाया गया, ऐसा नहीं है कि उपयंत्री को इस मामले में की जानकारी नहीं है, लेकिन वह आंख मूंदकर हरीझण्डी दे दी।

## एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के पुरस्कार से सम्मानित हुए सिविल सर्जन एवं आरएमओ



**उमरिया।** स्वर्ण जयंती सभागार, प्रशासनिक अकादमी भोपाल में जिला अस्पताल उमरिया को, बर्ष 2023-2026 तक का एन क्यू ए एस सर्टिफिकेशन का पुरस्कार सिविल सर्जन डॉ के सी सोनी एवं आरएमओ डा संदीप सिंह को प्राप्त हुआ है । पुरस्कार प्राप्त होने में जिला अस्पताल उमरिया के समस्त डॉक्टर्स, वार्ड इंचार्ज, नर्सिंग ऑफिसर, लैब टेक्नीशियन, वार्ड बॉय, वार्ड आया, सुरक्षा गाड्र्स, सफाई कर्मचारियों एवं स्टाफ का योगदान रहा ।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

**सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश**



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## बूथ लेवल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार बूथ लेबल आफीसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्टर सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ । उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया ने कहा कि बीएलओ पुनरीक्षण के दौरान किसी भी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के बीएलए से एक समय में एक ही दिन में 10 से अधिक आवेदन पत्र स्वीकार नही करेगे। यदि कोई बीएलए दावों और आपत्तियो की अवधि दौरान 30 से अधिक फार्म आपके पास जमा करता है , तो ईआरओ, एईआरओ व्यक्तिगत रूप से उन्हें सत्यापित करेंगे । बीएलए मतदान केंद्र पर नामोदिष्ट अधिकारी, बीएलओ को अपनी नियुक्ति पत्र सौपेगे । इसके बाद नामोदिष्टि अधिकारी, बीएलओ प्रारूप निर्वाचक नामावली संबंधित भाग की एक मुद्रित प्रति उचित पावती के साथ बीएलए निशुल्क सौपेगे यदि डीईओ, ईआरओ व्दारा यह प्रारूप निर्वाचक नामावली संबंधित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि को नही सौंपी गई हो।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर व्दारा नियोजन एवं नियंत्रण प्राधिकारी, निर्वाचन कौन हो सकता है, बीएलओ बनने के लिए सामान्य शर्त, बीएलओ की जिम्मेदारियां, बीएलओ की भूमिका का और कर्तव्य , टेलीफोन प्रोटोकॉल, निर्वाचक नामावली मे नाम शामिल करने हेतु फार्म -6 भरने के लिए दिशा निर्देश,निर्वाचको व्दारा निर्वाचक नामावली में नाम शामिल करने के संबंध में, निर्वाचक नामावली में नाम को शामिल करने या हटाने हेतु आपत्ति के लिए फार्म -7, इपिक बदलने, दिव्यांगजन चिन्हांकित करने, प्रविष्टियो में सुधार , निर्वाचन स्थानांतरण हेतु फार्म -8, सशस्त्र बलों के सदस्यों व्दारा सामान्य निवास के बारे में कथन फार्म -2, आदि के बारे में जानकारी दी गई । प्रशिक्षण में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ, 90 मानपुर, अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ़, मानपुर, उपखंड अधिकारी पाली, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ़, 90 मानपुर एवं तहसीलदार , मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा , निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया, गणेश सोनी, दिलीप श्रीवास उपस्थित रहे।

## स्थायी वारंटी अरुणा मार्सकोले को रामनगर पुलिस ने बालाघाट से किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** थाना रामनगर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए स्थायी वारंटी आरोपी को मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में संपन्न की गई। प्रकरण क्रमांक 18/22 धारा 138 NI Act में माननीय न्यायालय जेएमएफसी कोतमा से स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उक्त वारंटी अरुणा मार्सकोले, उम्र 50 वर्ष, निवासी उकवा, थाना रूपझर, जिला बालाघाट लंबे समय से फरार चल रही थी। वारंट की तामील हेतु थाना रामनगर से एक टीम को बालाघाट रवाना किया गया। टीम ने लगातार प्रयास करते हुए स्थानीय स्तर पर जानकारी एकत्र की तथा योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया। इसके पश्चात विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुमित कौशिक के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक श्याम शुक्ला, प्रधान आरक्षक सनत द्विवेदी एवं महिला आरक्षक पूजा राजपूत, संगम तोमर, विजय मरावी की प्रमुख भूमिका रही।

## चैन सिंह परस्ते ने सीएमओ अमरकंटक का संभाला कार्यभार

**1 वर्ष पश्चात पुनः वापस हुए अमरकंटक**



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में चैन सिंह परस्ते ने ने आज दिनांक 23 जून 25 दिन सोमवार को मध्याह्न विधिवत कार्यभार संभाल लिया है। श्री परस्ते नगर परिषद बनगवां जिला अनूपपुर से स्थानांतरित होकर नगर परिषद अमरकंटक आए हैं। उल्लेखनीय है कि श्री चैन सिंह परस्ते 18 जून 2024 को नगर परिषद बनगवां जिला अनूपपुर स्थानांतरित होकर नगर परिषद अमरकंटक से कार्य मुक्त हुए थे 1 वर्ष पश्चात एक बार फिर से उन्होंने नगर परिषद अमरकंटक का कार्यभार संभाला है। लेख है कि 1 वर्ष के दौरान नगर परिषद अमरकंटक में भूपेंद्र सिंह बघेल महिपाल सिंह गुर्जर तथा शिव प्रसाद सिंह धुर्वे नगर परिषद अमरकंटक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के प्रभारी के रूप में कार्यभार देखते रहे हैं। पवित्र नगरी अमरकंटक के गणमान्य नागरिकों जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय विधायक पुष्पराजगढ़ ने राज्य सरकार से स्थाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर नियुक्त करने की मांग कर चुके हैं नगर परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा पार्षदों ने भी स्थाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी की मांग कलेक्टर अनूपपुर से की थी। अस्थाई एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के चलते कामकाज प्रभावित हो रहा था तथा विकास कार्यों में बाधा आ रही थी। श्री चैन सिंह परस्ते अमरकंटक नगर परिषद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कार्य देख चुके हैं समस्त कार्यों की जानकारी है अनुभवी एवं सिद्ध हस्त हैं। नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष एवं पार्षद जनो ने कार्यभार दिलाया। यह उनका द्वितीय कार्यकाल है।

## अभ्यार्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 30 जून को किया जाएगा

**उमरिया।** मुख्यं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि याचिकाकर्ताओं जिन्होनें कर्मचारी चयन मण्डल म0प्र0 भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह-05 के अंतर्गत ए0एन0एम0 (महिला बहुउद्देषशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की सीधी भर्ती हेतु आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की है, एवं उनका नाम मैरिट में है। ऐसे अभ्यार्थियों के आवेदन कार्यालय में जमा करायें गये है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार नियुक्ति संबंधी नियमानुसार निर्णय लिए जाने हेतु अभ्यार्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 30 जून को दोपहर 2 बजे तक छानबीन /जॉच समिति के समक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में किया जाना है। ऐसे अभ्यार्थी समस्त यथोचित मूल दस्तावेजों एवं माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय की प्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

## शासकीय विद्यालय में मनाया विद्यालय प्रवेश उत्सव बच्चों में दिखा उत्साह

**उमरिया।** स्कूल चले हम अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा विकासखंड बिरसिंहपुर पाली ग्राम पंचायत गौरइया के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्रधान अध्यापक वीना सिंह शिक्षिका विमल स्कूल चले हम अभियान वालंटियर हिमांशु तिवारी कीउपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात नव प्रवेशी नन्हे बच्चों का शिक्षकों को युवा टीम उमरिया सदस्यों के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरण की गई। प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर में देशभक्ति गीत एवं संस्कृति नृत्य का भी हुआ आयोजन। उपस्थित नवप्रवेशी बच्चों के पालकों को विद्यालय प्रधान अध्यापक बीना सिंह ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को योजना से अवगत किया गया।विद्यालय सर्वसुविधा युक्त गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। टीम संयोजक हिमांशू तिवारी ने कहा कि प्रवेश उत्सव में छात्राओं एवं पालकों को एक नई दिशा देते हुए यह समझाया गया कि ज्ञान का अर्जन कैरियर के लिए कितना महत्व रखता है छात्राओं के लिए पढ़ाई जिंदगी में बहुत मायने रखती है क्योंकि आगे चलकर वह दो पीढियों, दो परिवारों में समन्वय से शिक्षा की डगर को आगे बढ़ाती है ।ग्रामीण अंचल से पधारे माता पिता को भी



पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और वह अपने क्षेत्र में भी हमारा संदेश पहुंचाएं इसके लिए उन्हें प्रेरित किया गया छात्राओं की पढ़ाई बीच में अधूरी ना रहे वह अपने अध्यापन को पूर्ण करें।इस दौरान विद्यालय प्रधान अध्यापक बीना सिंह शिक्षिका विमल सिंह,टीम संयोजक हिमांशू तिवारी,नेहा सिंह,पलक सिंह, अभिनव द्विवेदी,श्रीराम तिवारी,विद्यालय विद्यार्थी भूमिका पनीका,आशु मारवी, सार्थक विश्वकर्मा, राधिका बर्मन प्रियांशी, दीपा कोल, शिवा यादव ,अनुराधा पनिका वं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सांप के काटने से दो वृद्धों की हुई मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र में सांप के काटने से दो वृद्धों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पहले मामले में फूलचंद कुशवाहा 60 निवासी ग्राम देवरी हटाई को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र अंतर्गत ही ग्राम धनगवां निवासी बाबूराम यादव 60 को सांप ने डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामलों की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि बरसात के मौसम में सांप सहित जहरीले कीड़ों की काटने की घटना बढ़ जाती है।

### सड़क हादसे में घायल दो लोगों की मौत

**कटनी।** कुठला एवं विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पहले मामले में कुठला थाना अंतर्गत चनहेटा के पास मेन रोड में हुए हादसे में एक युवक कैलाश यादव निवासी बदेरा की मौत हो गई। उसे मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 जेडए 9443 के चालक ने टक्कर मार दी थी। दूसरे मामले में विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत परसवारा क्रेशर के पास हाइवा की टक्कर से एक युवक नारायण की मौत हो गई। उसे हाईवा क्रमांक एमपी 21 जेडी 5802 के चालक ने टक्कर मार दी थी। पुलिस ने मर्गप्रकरण दर्ज करते हुए मामलों को जांच में लिया है।

### किशोरी ने लगाई फांसी

**कटनी।** एक किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना उमरियापान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनेहरी की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बनहेरी में अंजली पटेल पिता तुलसी राम पटेल 16 का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। किशोरी ने यह कदम किन कारणों के चलते उठाया है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया।

### रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आज

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने मंगलवार 24 जून को शासकीय आईटीआई रोशन नगर कटनी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसमें जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी वहीं दूसरी ओर उन्हे स्वरोजागर से जोड़ने के लिए लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जिले एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप के लिए भी बेरोजगार आवेदको को भेजा जाएगा।

### आरटीई प्रवेश की दूसरे चरण की ऑनलाइन लाटरी 25 जून को

**कटनी।** निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निशुल्क प्रवेश के तहत द्वितीय चरण के लिए आवेदकों द्वारा च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।

### श्री जमुना प्रसाद गुप्ता का आकस्मिक निधन



**ब्योहारी।** ब्योहारी निवासी श्री जमुना प्रसाद गुप्ता अवकाश प्राप्त शिक्षक व सामाजिक व्यक्ति के धनी थे वार्ड 14 रामजानकी मंदिर के पास निधन हो गया आपके निधन से पूरा समाज व ब्यापारीओ, व राजनीतिक दलों के लोग में शोक कि लहर छा गया है लोग उनके निवास पहुँच शोक श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालों भीड़ लगी है आपका दाह संस्कार मंगलवार को सुबह चौधरी तालाब BSNL आफिस के पीछे वार्ड 13 में होगा।

# हमारी भी सुनिए साहब पेसा मोबाइलाइजर कर्मचारी संघ ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

### 6 माह से नहीं मिला मानदेय

चन्नोडी

बुढार जनपद पंचायत अंतर्गत कार्यरत पेसा मोबाइलजरों को पिछले 6 महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं मिलने के विरोध में संघ के द्वारा मध्य प्रदेश शासन मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जनपद पंचायत बुढार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शुक्रवार को सौंपा जाकर बताया गया कि घोषणाओं के उपरांत आज महीने तक 8000 मासिक मानदेय नहीं मिलने से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा रहा हैबच्चों के स्कूल खुल जाएंगे और उनके किताब कापी,यूनिफार्म,के साथ साथ कई प्रकार से गृहस्थ जीवनों में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में कई माह का मानदेय रोकना ,बजट का रोना ये तकलीफ मय हैशासन ,हमारी बड़ी हुई मानदेय भुगतान करे ऐसी मांग के साथ जिले के सभी जनपदों में ज्ञापन सौंपा गया है बुढार जनपद पंचायत में ज्ञापन सौंपते हुए संघ की अध्यक्ष रोशनी तिवारी ने बताया कि हमारी मांगे पूरी नहीं होने पर चरण बद्ध तरीके से आंदोलन के लिए तैयार है और सामूहिक अवकाश ले कर कार्य बंद किया



जाएगा हमारी मांगे है कि शीघ्र मानदेय भुगतान हो साथ हर महीने का मानदेय समय से भुगतानित किया जावे ताकि सभी को आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े ज्ञापन सौंपने में बुढार जनपद पंचायत मोबाइलजर संघ अध्यक्ष रोशनी तिवारी,राहुल यादव, रामनाथ सिंह, अभिषेक मिश्र, रज्जू यादव, काजल सोनी, मीरा सिंह, पूजा राठौर, निशा कवर, संगीता सिंह, पार्वती पाव, दोहन सिंह, भानुमति सिंह, कीर्ति सिंह के साथ सभी सहयोगी मोबाइलाइजर कर्मचारी मौजूद रहे साथ ही 25 जून तक अवकाश पर रहने के साथ आगामी समय में क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन करने की बात रखी ।




# 26 को निकलेगी वाहन रैली, 27 जून को रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भगवान जगन्नाथ स्वामीजी का 143 वॉं रथ यात्रा महोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारी के संबंध में रविवार को मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी गई। कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सरावगी ने बताया कि 26 जून को जगदीश स्वामी मंदिर,जगन्नाथ चौक से वाहन रैली भक्तों को आमंत्रण देने शहर में भ्रमण करेगी। महाप्रभु की वाहन रैली में यूथ कटनी नारी शक्ति, श्री काल भैरव समिति, शिव शक्ति महिला मिलन ग्रुप एवं महिला मंडल बीबी आरएस परिवार का विशेष सहयोग रहेगा। दूसरे दिन 27 जून को रथ यात्रा 4:30 बजे जगन्नाथ चौक से प्रारंभ होगी। रथ यात्रा में छत्तीसगढ़ का आदिवासी लोक नृत्य एवं केरल के भक्ति बैंड आकर्षण का केंद्र रहेंगे। सचिव शिव सोनी एवं रथ यात्रा महोत्सव अध्यक्ष विजय ठाकुर ने बताया कि माता जानकी जी, रूठे प्रभु को मनाने शोभा यात्रा के साथ 4 जुलाई को शाम 4:00 बजे जगन्नाथ चौक से शोभा यात्रा के साथ प्रस्थान करेगी। इसके बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की रथ यात्रा वापसी 4 जुलाई को राधा कृष्ण मंदिर, बिलैया तलैया सब्जी मंडी से शाम 7:00 बजे शुरू होगी। भगवान जगन्नाथ के अपने धाम में पहुंचने के बाद 6 जुलाई को शाम 6:00 बजे से बीबी आरएस परिवार द्वारा भजन संध्या आयोजित की गई है।

*खाद व बीज की व्यवस्था करने में जुटा किसान, थराह जा रहे रोपा*

# खरीफ सीजन की फसलों की बोवनी में जुटे किसान, खेतों में चल रहा जुताई का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

मूंग उड़द फसल की कटाई करने के बाद अब किसानों खरीफ सीजन की फसलों की बोवनी की तैयारियों में जुट गया है। खेतों की सफाई के साथ ही जुताई का कार्य शुरू हो गया है। मानसून की दस्तक होने से किसान खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान की बोवनी की तैयारी में लग चुके हैं। नई-नई वैरायटी की धान का बीज बाजार से खरीद कर रोपा की तैयारी किसान भाइयों के द्वारा जा रही है। जिससे ज्यादा से ज्यादा पैदावारी की जा सके।

किसान भाइयों के द्वारा अनेकों प्रकार से बुवाई की की जाती है जैसे कि कुछ किसान ट्रैक्टर से खेतों को



दो बार जुताई कर धान के बीज को छीट कर बोनी करते हैं और कुछ लोग खेत को मचा कर धान के बीज को पानी में डाल दिया जाता है और कुछ घंटे के बाद उसे बाहर निकाल कर बोरी से ढक कर उसे अंकुरित किया जाता है इसके बाद खेतों में ले जाकर उसकी बोनी की जाती है और कुछ किसान भाई के द्वारा खेतों में रोपा की तैयारी कर रहे हैं। अगर अच्छी बारिश होती है तो किसानों के द्वारा खेत की मिट्टी को मचाकर के ट्रैक्टर के माध्यम से रोपा लगाकर खेती की जाती है। तेज बारिश होते ही किसानों के द्वारा खेतों की ट्रैक्टर के माध्यम से दो से तीन बार खेतों को जोत कर अच्छे से तैयार किया जा रहा है जिससे खेतों में कचरा जमकर तैयार हो जाए और इसके बाद फिर किस उसे पुनः जुताई कर धान की फसल बोने के लिए तैयार किया रहा है जिससे किसानों को अच्छी फसल की पैदावारी कर सके इसी कार्य में किसान लगा हुआ है।

खेतों में जुताई कार्य के साथ ही किसान के सामने सबसे बड़ी समस्या खाद एवं बीज की व्यवस्था करने की होती है। सहकारी सोसायटियों में खाद बीज के संकट होने पर कई दिनों तक भटकना पड़ता है। कई बार किसानों को बाजार से बीज व खाद की व्यवस्था करनी पड़ती है।

# दुर्दशा का शिकार हुआ पार्क, बाउंड्री कूदकर घुस रहे बच्चे



नगर परिषद विजयराघवगढ़ द्वारा कुछ वर्षों से बच्चों के लिए पार्क बनाया जा रहा है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और नगर परिषद की उदासीनता कभी भी दुर्घटना का स्वरूप दिलवाने के कार्य मे लगी हैं। विगत वर्षों पूर्व भी पार्क का निर्माण कराया गया था। नए झूले लगाए लगए थे लेकिन उचित प्रबंधन नहीं होने के चलते अब वे दुर्दशा का शिकार हो गए हैं। आउटडोर फिटनेस उपकरण भी लगाये गए लेकिन उनका हालत खराब हो गई। कम जगह और पैसों की बर्बादी का शिकार हो रहा पार्क फिर से नए झूले फिसलपट्टी का कार्य शुरू तो गया लेकिन उसकी देख रेख करने वाला कोई नही , ठेकेदार अधूरा कार्य छोड़ ताला गेट में जड़ दिया। 4 फ़ीट की दीवार को लांघकर छोटे छोटे बच्चे पार्क के अंदर प्रवेश कर रहे हैं जब तक कोई घटना नही होती तब तक शायद नगर परिषद के कर्मचारियों की नींद नही खुलने वाली है।

# लुटेरों का गैंग सक्रिय, मुख्य मार्गों में वाहन चालकों से हो रही लूट की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

सक्रिय लुटेरे रात के अंधेरे में वाहन चालकों से लूटपाट कर रहे हैं। बरही थाना क्षेत्र में एक दुकानदार को चाकू की नोंक पर 20 हजार रूपए की चपत लगाई और चंपत हो गए। बताया जाता है कि करौंदी कला निवासी विवेक सोनी की खितौली रोड बस स्टैंड के समीप मोबाइल की दुकान है। रोज की तरह दुकान संचालक शुक्रवार को रात्रि करीब साढ़े 8 बजे दुकान बंद कर अपने घर जा रहा था तभी रेलवे पुलिया खितौली रोड में अज्ञात लुटेरे बाईक में खड़े थे रास्ते में किसी का फोन आया दुकान संचालक रुककर बात करने लगा लुटेरे खुलेआम धावा बोल दिया और

### मोबाइल दुकान संचालक से चाकू की नोंक पर 20 हजार का ट्रांजक्शन

चाकू अड़ाकर मोबाइल से बीस हजार 200 रुपये ट्रांजेक्शन करवा लिया और जेब से दो सौ रुपए निकाल लिए और मोटरसाइकिल की चाबी निकालकर दूर फेंक दिया और मोबाइल को फोड़कर फेंक दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए चार लुटेरे वारदात का अंजाम देते हुए भाग निकले। बरही पुलिस जांच में जुटी है।

### समझदारी से बचे

इसी तरह बरही निवासी मोहित शर्मा उर्फ बीतू अपने बच्चे का इलाज करवाने फोर व्हीलर से बरही से कटनी गए हुए थे। लौटते समय रात्रि करीब 10 बजे महानदी पुल के पास लुटेरे ने भीड़ लगाकर खड़े थे। किसी बाईक सवार को रोककर लुट रहे थे। मोहित शर्मा रुकने को कोशिश कर बाईक वाले की मदद करने चाही पर लुटेरे हथियार से लेस और हट्टे-कट्टे थे और बहुत लोग थे संदिग्ध स्थिति को देखकर मोहित शर्मा अपनी फोर व्हीलर गाड़ी लेकर भागे लुटेरे गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने की पूरी कोशिश की पर नाकाम रहे। यह महानदी पुल बरही व बड़वारा थाना क्षेत्र की सीमा पर है। तत्काल दोनों थाना क्षेत्र की पुलिस को सूचना दी गई पुलिस पहुंची पर आजतक लुटेरों का पता नहीं चला। राहगीरों एवं वाहन चालकों में दहशत का माहौल है।

*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर किया गया योगाभ्यास*

# योगाभ्यास करने से होती है शारीरिक और मानसिक सुख की प्राप्तिः सुमित्रा वाल्मीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर करौंदी स्थित महर्षि विद्यापीठ के ध्यानहाल में योगाभ्यास किया गया। योग शिक्षक सूर्यकांत शर्मा और विमलेश मिश्रा ने जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, आश्रम अधिकारियों, वेदपाठियों को अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंग आसान, चक्रासन सहित योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि ने कहा कि योग से शारीरिक व मानसिक सुख की प्राप्ति होती है। योग हमारी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। दैनिक जीवन में योग का महत्व बढ़ गया है।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, जिला मंत्री, विजय दुबे, विजय गुप्ता,मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, नरेंद्र त्रिपाठी, मनीष बागरी, जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे, उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, आश्रम प्रभारी अरविंद सिंह, रतिभान सिंह, समाजसेवी राजेश ब्यौहार, राजा चौरसिया, संतोष दुबे, प्रशांत राय, रमन शुक्ला, ज्ञानचंद चौरसिया,पारस पटेल, संदीप सोनी, अंकित झारिया, धर्मेन्द्र गौतम, प्रमोद असाटी, विनोद साहू,अमित दीक्षित, दिनेश असाटी, जगमोहन चौरसिया, रामदरश यादव, अनूप चौरसिया, यश चौरसिया सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।



### योग के लाभों की दी जानकारी

योग दिवस के मौके पर जगह जगह योगाभ्यास किया गया। इस मौके पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा की नवांकुर संस्था उमरियापान,पिपरिया सहलावन, इमलिया,गूंडा और सिलौंडी अंतर्गत आने वाली प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों ने योगाभ्यास कराया।

विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने बताया कि नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों के अलावा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्राओं के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में योग की विभिन्न क्रियाओं का अनेकों बार अभ्यास कराया।ग्रामीणों को योग से होने वाले लाभों की जानकारी दी और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। योगाभ्यास करने वाले लोगों ने अन्य लोगों को भी योग करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

*जन शिक्षण संस्थान में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में योगा का बताया महत्व*

# नियमित योगाभ्यास करने से कई बीमारियों से होता है बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जन शिक्षण संस्थान कटनी में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन मॉडल जन शिक्षण संस्थान के लाभार्थियों के मध्य संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के योग आसन करवाये गये। उनके द्वारा सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार, धनुरासन, चक्रासन, प्राणायाम, पवनमुक्तासन, कटि चक्रासन, सेतुबंध आसन विधिवत रूप से करवाये गये। इन सब आसनों को लाभार्थियों ने बड़े ही उल्लास के साथ किया एवं उनके द्वारा यह अवगत कराया गया कि योग से विभिन्न प्रकार की बीमारियां थाईराइड, टाइप टू डाइविटीज, लीवर, किडनी से संबंधित बीमारियां दूर की जा सकती है। इसमें योगा मानव के लिए यह बताया गया अति आवष्यक है एवं इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है और व्यक्ति निरोग



रहता है करें योग रहें निरोग जैसे बातों से लाभार्थियों को आर्कषित किया।

जन शिक्षण संस्थान के निदेषिका लाली सिंह के द्वारा योग के विषय में बताया गया। उन्होंने बताया कि विभिन्न आसनों के द्वारा आहार नली की कार्यक्षमता, रक्त संचरण, हार्मोन का संतुलन किया जा सकता है योग करने से बीमारिया तो दूर होंगी साथ-ही-साथ मन स्वस्थ होगा और मानसिक शांति भी मिलेगी। उनके द्वारा ये बताया गया कि आज दुनिया के लगभग 100 देशों ने स्वीकारा है कि हमें योग करना चाहिए। संस्थान की सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बबीता सिंह के निर्देशन में अनुदेशक श्रृष्टि सिंह के नेतृत्व में लाभार्थियों के मध्य योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी नित्यांशु गहरवार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी बबीता सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक अजय पटेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर हेमन्त राज, राजेश मौजूद रहें।



### एक्सीलेंस स्कूल बड़वारा में मनाया गया योग दिवस

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़वारा विधानसभा क्षेत्र विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ,मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता , अजय सोनी , महेन्द्र जायसवाल , रुप सिंह एवं विद्यालय के प्रभारी के रूप में जुगल किशोर चौरसिया उपस्थित रहे ।योग कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नंदनी वाटिया द्वारा कराया गया ।कार्यक्रम में मोहन निगम अनामिका सोनी, प्रेमा बोपचे, अपूर्वा तिवारी ,सरिता शर्मा, पूजा नागर,अरविंद तिवारी, विनोद सिंह , अनिल अरकरे , निधि चढ़ार,सुशील भूमिया, मनीष विश्वकर्मा, राजेश चौधरी, आदि की उपस्थिति रही।

# संगठित होकर ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि धर्म, अध्यात्म, संस्कृति और परंपराओं को कायम रखना और उसे मजबूत बनाने का दायित्व ब्राम्हण समाज का है । ब्राम्हण वर्ग ने सदैव खुद से पहले समाज के सभी वर्गों के कल्याण की कामना की है। उप मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को कटनी में आयोजित जिला स्तरीय ब्राम्हण एवं जिला स्तरीय ब्राम्हण मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही।

इस दौरान ब्राम्हण समाज के संरक्षक संजय सत्येन्द्र पाठक, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, सुनील मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, ब्राम्हण समाज के शहर अध्यक्ष रामचन्द्र तिवारी, ब्राम्हण समाज ग्रामीण अध्यक्ष और नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक मौजूद रहे। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षा मंडल और सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

उप मुख्य मंत्री श्री शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है और संगठित होकर ही ब्राम्हण समाज को सशक्त और मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज इस मंच से सम्मानित होने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के चेहरे में खुशी की चमक दिख रही है और माता-पिता भी गौरवान्वित है। श्री शुक्ल ने कहा कि समाज में अच्छा काम करने वालों का सम्मान करना हमारी गौरवशाली परंपरा रही है।

## सकोला पंचायत में पंचम वित्त आयोग की राशि पर फर्जी बिलों से खुली लूट

# ग्राम पंचायत सकोला बना घोटाले का पर्याय

**नियम-कानूनों को ताक पर रखकर निकाली गई राशि**

**पूर्व सचिव और रोजगार सहायक ने उड़ाए लाखों**

विकास शब्द जब सरकारी दस्तावेज़ों तक सीमित रह जाए और गाँव की गलियों में गड्ढे, अंधेरे और गंदगी पसरी हो, तब समझ लेना चाहिए कि जनता के हक का पैसा कहीं और पहुँच गया है। ज़िले की ग्राम पंचायत सकोला आज इसी कड़वी सच्चाई का उदाहरण बन चुकी है, जहाँ पंचम वित्त आयोग से प्राप्त लाखों रुपये की राशि का निकासी नियमों के घोर उल्लंघन के साथ किया गया, और अब यह मामला धीरे-धीरे एक घोटाले का रूप लेता जा रहा है।




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

ग्राम पंचायत सकोला में पूर्व सचिव रमेश विश्वकर्मा और वर्तमान रोजगार सहायक की आपसी साठगांठ से योजनाओं के नाम पर फर्जी बिलों और फर्जी खरीद की मोटी रक़म निकाली गई। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 4 से 5 लाख रुपये की राशि सिर्फ़ कागज़ों में खर्च हुई दिखाई गई, ज़मीनी स्तर पर उसका कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिला। काम न हुए, सामग्री नहीं आई, निरीक्षण नहीं हुआ, फिर भी भुगतान हुआ ये सब बातें सीधे-सीधे भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि अधूरे या हुए ही नहीं कार्यों के नाम पर बनावटी बिल प्रस्तुत कर लाखों की निकासी दिखाई गई, जिनमें सामग्री की कीमत बाजार भाव से 10 गुना तक लिखी गई। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, यह घोटाला 'कट' की पूर्व निर्धारित व्यवस्था पर चलता रहा, जहाँ आपूर्ति या सेवा बिना दिए भी आधा भुगतान पूर्व सचिव और आधा वर्तमान रोजगार सहायक के पास पहुँचता रहा।

### नियमों का पालन न होना ही सबसे बड़ा भ्रष्टाचार

मध्यप्रदेश पंचायत (सामग्री एवं सामान क्रय) नियम, 1999 के अनुसारः 500 से 15,000 तक की खरीदी के लिए न्यूनतम तीन कोटेशन आवश्यक हैं।, 15,000 से अधिक की राशि पर सार्वजनिक टेंडर की अनिवार्यता है। हर सामग्री या सेवा की खरीदी ग्रामसभा की स्वीकृति और खरीदी समिति की बैठक के उपरांत ही की जा सकती है। कार्य आरंभ करने से पहले स्थल निरीक्षण, प्रमाणन और भुगतान से पहले फिजिकल वेरिफिकेशन अनिवार्य है। लेकिन सकोला में इन मानकों को पूरी तरह कुचल दिया गया। न कोई टेंडर हुआ, न कोटेशन, न समिति की बैठक, न स्थल निरीक्षण। कागज़ों में सब 'पूरा' और गाँव में सब 'ग़ायब'। यह कोई लापरवाही नहीं, बल्कि योजनाबद्ध आर्थिक अपराध है। जब निकासी नियमों के अनुसार नहीं हुई, तो यह ग़लती नहीं, भ्रष्टाचार है जब किसी योजना की राशि निकासी में नियमों का पालन नहीं होता न टेंडर, न कोटेशन, न ग्रामसभा, न समिति, न निरीक्षण तो यह महज गलती या रुपयोग नहीं, बल्कि सरासर भ्रष्टाचार है। यह भारतीय न्याय संहिता की धारा 314 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13 (1) (c) व 13 (2) के तहत गंभीर अपराध है, जिसमें 4 से 7 साल तक की सजा और जुर्माना हो सकता है। नए आपराधिक कानूनों ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और समयबद्ध जांच के जरिए ऐसी बेईमानी पर और सख्ती बरतने का रास्ता खोला है, ताकि लोक सेवकों की जवाबदेही सुनिश्चित हो और जनता का पैसा सही जगह पहुंचे।

### जनपद की भूमिका संदिग्ध

सबसे चिंताजनक बात यह है कि जनपद पंचायत अनूपपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिन पर नियामक और निरीक्षण की जिम्मेदारी थी, वे पूरे प्रकरण में या तो मौन बने रहे, या सहभागी। जब हजारों लाखों की निकासी हुई, और कोई निरीक्षण नहीं किया गया, तो यह चुप्पी लापरवाही नहीं बल्कि 'भागीदारी' जैसी प्रतीत होती है। नियमों के खुले उल्लंघन के बावजूद यदि किसी अधिकारी ने कोई संज्ञान नहीं लिया, तो वे भी समान रूप से उत्तरदायी हैं।

### गाँव में आक्रोश, न्याय की मांग

ग्राम सकोला में लोगों का आक्रोश चरम पर है। बुज़ुर्ग, महिलाएँ और नौजवान सभी जिला प्रशासन और कलेक्टर से इस प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जाँच की माँग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ़ एक सचिव का कारनामा नहीं हो सकता इसमें जनपद और विभागीय अधिकारियों की भी संलिप्तता है। जब नियम ही नहीं माने गए, तो इस निकासी को वैध कैसे कहा जा सकता है।

### सख़्त कार्यवाही की दरकार

अब समय है कि शासन इस मामले को सिर्फ़ 'सूचना लेकर जाँच करेंगे' जैसे बहानों में न उलझाए, बल्कि एफआईआर दर्ज कर, दोषियों पर आपराधिक कार्यवाही शुरू करे। यदि इस तरह की लूट को बर्दाश्त किया गया, तो यह मॉडल अन्य पंचायतों में भी फैल जाएगा और ग्रामीण विकास एक छलावा बनकर रह जाएगा। ग्राम सकोला की कहानी सिर्फ़ एक गाँव की नहीं है। यह पूरे पंचायती प्रशासन के सामने खड़ा आईना है जिसमें झाँकने की अब सख़्त ज़रूरत है।

# केल्हौरी में खनिज विभाग की तबाही मचाने वाली कार्रवाई से माफिया का 'आका' घुटनों पर

खनिज विभाग की दहाड़ से हिला अवैध साम्राज्य

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।









केल्हौरी क्षेत्र में रेत माफियाओं का दबदबा अब इतिहास बनने की कगार पर है। खनिज विभाग की सख्त और लगातार कार्रवाई से पूरे रेत साम्राज्य की नींव हिल गई है। 23 जून को एक बार फिर खनिज विभाग ने अवैध रेत के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रेत माफिया की कमर तोड़ डाली। जानकारी के मुताबिक, जिन रेत माफियाओं पर कार्रवाई हुई है, वे एक ठेकेदार के इशारे पर नगर परिषद बकहो की 85 लाख की सरकारी इमारत को रेत पहुंचाने में लगे थे। यह पूरी सप्लाई माफिया के गुर्गों द्वारा जबरन और बेशर्मी से संचालित की जा रही थी, जिसमें आसपास की पंचायतों और पावर हाउस तक भी रेत की कालाबाजारी का जाल फैला हुआ था।

### खनिज विभाग की दहाड़ से हिला अवैध साम्राज्य

जैसे ही खनिज विभाग ने माफिया आका की गाड़ी और आधा दर्जन गुर्गों को दबोचा, पूरे इलाके में खलबली मच गई। गुंडई, धमकी और सरकारी तंत्र को ठेंगा दिखाने वाले इन रेत तस्करों को अब न्याय के कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। रेत माफिया इतने बेखौफ थे कि एक महिला खनिज अधिकारी को खुलेआम धमकाने की हिम्मत तक कर बैठे थे। लेकिन विभाग ने झुकने की बजाय जंग का ऐलान कर दिया है। अब मांग उठ रही है कि कलेक्टर से अनुशंसा कर इन माफियाओं की करोड़ों की अवैध संपत्ति को कुर्क किया जाए, और इनके द्वारा बनाई गई अवैध खदानों को जेसीबी से ध्वस्त किया जाए। क्षेत्र की जनता अब सड़कों पर उतरने को तैयार है यदि प्रशासन ने ढील दी। रेत माफिया का यह आका पहले भी मुरुम स्टोन की अवैध ढुलाई में पकड़ा जा चुका है। लेकिन इस बार मामला गंभीर है शासकीय राशि में सेंध लगाने, नियमों की धज्जियां उड़ाने और खनिज अधिकारी को धमकाने का गठजोड़ अब उजागर हो चुका है। यदि प्रशासन ने ईमानदारी से कार्रवाई की, तो यह आका सीधे सलाखों के पीछे होगा। खनिज विभाग की यह कार्रवाई नज़ीर बन सकती है यदि अवैध कमाई की जड़ों तक पहुंच कर इन्हें उखाड़ फेंका जाए।

### इधर 30 जून से 01 अक्टूबर तक रेत उत्खनन पूर्णतः प्रतिबंधित

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मानसून सत्र की अवधि में 30 जून 2025 की मध्य रात्रि के पश्चात से 01 अक्टूबर 2025 तक जिले के समस्त रेत खदानों के लिए चिन्हित घाटों से रेत खनन कार्य को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने जिले में स्वीकृत समस्त रेत खदानों के संचालकों को इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संचालकों को यह भी निर्देश दिए हैं कि खदान से रेत निकासी हेतु बनाई गई अस्थाई संरचना जैसे पुल, पुलिया, सड़क हेतु डाली गई मिट्टी, मुरुम आदि मलबा को नदी के जल प्रवाह क्षेत्र से हटवाना सुनिश्चित करें।

## आधी अधूरी सड़क निर्माण बना परेशानी का सबब

# कीचड़ पानी से होकर बच्चे पहुंच रहे स्कूल

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर पालिका के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले में आम जन की सुविधा को देखते हुए सीसी सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है लेकिन ठेकेदार के द्वारा नगर पालिका के नगर पालिका के कराई जा रहे हैं विकास कार्यों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। ठेकेदार के द्वारा आंधी अधूरी सड़क का निर्माण कार्य करते हुए छोड दिया गया जिसके कारण मोहल्ले के बच्चे बारिश के मौसम में कीचड़ पानी से होकर पढ़ाई करने स्कूल जाने को मजबूर हो रहे हैं। बताया जाता है कि नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में कल्याणपुर स्कूल से नारेंद्र बसोर के घर के पास तक नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सीसी सड़क बनाए जाने का ठेका दिया गया है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा गर्मी के मौसम में सी सी सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया था और ठेकेदार के द्वारा आंधी अधूरी सड़क का निर्माण कार्य करते हुए निर्माण कार्य को बंद कर दिया गया। मोहल्ले वासियों के द्वारा अधूरी सड़क निर्माण कार्य को पूरा करवाये जाने के लिए नपा के अधिकारियों को जानकारी भी दी गई। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि बारिश का मौसम शुरू हो गया है और बच्चे भी स्कूल जाना शुरू कर दिए हैं। आधी अधूरी सड़क निर्माण के कारण कच्ची सड़क में बारिश का पानी भर जाने के कारण कीचड़ हो जाता है जिसके कारण बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है कई बार तो जहरीले कीड़े काटने का डर भी बच्चों में बना रहता है। ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा मोहल्ले वासी भुगत रहे हैं। मोहल्ले वालों ने नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ से अधूरी सीसी सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से पूरा करायें जाने की मांग की है। मोहल्लेवासी जुगनू बसोर का कहना है कि नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से हमारे मोहल्ले में सीसी सड़क का निर्माण कार्य आधी अधूरी करवाया गया है साथ ही ठेकेदार के द्वारा सड़क की गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं दिया गया है। हमारे घरों के बच्चे गंदगी एवं कीचड़ से होकर पढ़ाई करने स्कूल जाते हैं। मोहल्ले के नीरज बंसल ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा मोहल्ले में सीसी सड़क का निर्माण कार्य अधूरा करते हुए छोड़ दिया गया है हमारे घरों के छोटे-छोटे बच्चे पढ़ाई करने कल्याणपुरी स्कूल जाते हैं जो कीचड़ एवं सड़क पर गड्ढे मे भरे पानी से होकर आना-जाना कर रहे हैं जिसके कारण हमें बच्चों को स्कूल भेजने में परेशानी का सामना करना पड़ता है हम लोगों को हमेशा यह डर बना रहता है कि कहीं कोई जहरीला कीड़ा हमारे बच्चों को काट न दे। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष से अधूरी पड़ी सीसी सड़क का निर्माण कार्य पूरा करवाए जाने की मांग की है।



# जान से मारने की नियत से वाहन से टक्कर मारने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

*15 जून की रात थाना कोतमा क्षेत्रांतर्गत NH-43 शुक्ला ढ़ाबा कोतमा के बाहर बैठकर खाना खा रहे कोतमा नगर के युवकों से कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विवाद कर जानबूझकर अमन नामदेव नामक युवक को जान से मारने की नियत से सफेद कलर की बिना नम्बर की बोलेरो वाहन से टक्कर मार दिये थे। बोलेरो गाडी की टक्कर व घसीटने से अमन नामदेव को पूरे शरीर मे कई जगह चोटे आई थी।*

उक्त घटना पर 15 जून को थाना कोतमा में धारा 296,109 BNS का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। दौरान विवेचना अज्ञात व्यक्तियों की पहचान संदीप साहू पिता पीथल दास साहू निवासी बहेरहा थाना गोहपारू जिला शहड़ोल, कुलदीप यादव पिता रामसुमन यादव निवासी ग्राम तगावर थाना ब्यौहारी जिला शहड़ोल हाल वार्ड क्र. 17 शहडोल, शिवम सिंह पिता शिवनाथ सिंह उइके निवासी ग्राम बसनगरी थाना जहसिंहनगर जिला शहड़ोल के रूप में हुए जिनको थाना कोतमा पुलिस द्वारा 24 घण्टो की भीतर पता तलाश कर गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले का मुख्य आरोपी बोलेरो का चालक सोनू उर्फ सतीश मिश्रा नि. शहडोल घटना दिनांक से फरार था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी थे। कोतमा पुलिस टीम निरन्तर छापे मारी एवं दबिश देकर आरोपी की पता तलाश कर रही थी। 22 जून को रात्रि में आरोपी सोनू उर्फ सतीश मिश्रा पिता शिवबिहारी मिश्रा निवासी शहड़ोल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपी का जेल वारंट बनने पर जिला जेल अनूपपुर दाखिल किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी मे निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के साथ सउनि सुखीनंद यादव, प्र.आर. रामपाल पटेल, आर. जीतेन्द्र मंडलोई व शुभम तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।






## उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिवस पर सेवा कार्यों के साथ मनाया जाएगा सेवा दिवस

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के शिरोमणि संरक्षक आदरणीय उमाशंकर गुप्ता का जन्मदिवस 24 जून को जिले में सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर सामाजिक सेवा के तहत प्रातःकालीन वृक्षारोपण एवं शासकीय कल्याण वृद्धाश्रम, ग्राम सीतापुर में फल वितरण जैसे सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे। दोपहर 3 बजे से राधा पैलेस, अनूपपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं केक काटकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी प्रदेश पदाधिकारी, संभागीय पदाधिकारी, महिला इकाई, युवा इकाई, मुख्य जिला इकाई के पदाधिकारियों सहित तहसील अध्यक्ष एवं प्रभारी सादर आमंत्रित हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी आधाराम वैश्य, जिला अध्यक्ष हरिओम ताम्रकार 'राजा', कार्यकारी अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, महिला इकाई अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, युवा इकाई अध्यक्ष शिव सराफ एवं कार्यकारी अध्यक्ष जूही गुप्ता ने सभी वैश्य समाज बंधुओं से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

## आधार कार्ड बनाने व सुधारने को लेकर शिविरों का किया जा रहा आयोजन

### 18 से 20 जून तक 832 नागरिकों के आधार कार्डों में हुए आवश्यक सुधार

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतो में विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लिए जाने हेतु नागरिकों के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार व नए आधार कार्ड बनाए जाने हेतु ग्राम पंचायत व वार्डवार आधार कैम्प का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से शायं 6:00 बजे तक प्रतिदिन अलग-अलग वार्ड व ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। जिसके तहत 18 से 20 जून तक 832 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य एवं 51 नागरिकों के नए आधार कार्ड बनाए गए हैं।

### आज इन नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे शिविर

जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहीबेलहा, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत चंगेरी, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत लपटा, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत दुधमनिया तथा नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर) के वार्ड 04, नगर परिषद अमरकंटक के वार्ड नं. 04, नगर परिषद डोला के वार्ड 04, नगरपालिका बिजुरी के वार्ड नं. 04, नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड 04 में एवं नगरपालिका पसान के वार्ड नम्बर 09, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के संत रविदास वार्ड 02, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 04 में 24 जून को आधार कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

# श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने अर्पित की पुष्पांजलि

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून को भाजपा कार्यालय अनूपपुर मे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम सहित पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे महानायक थे जो आजादी के पहले और बाद की विभीषिका को भांप लिया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आजादी से पहले अंग्रेजों के बंगभंग करने की साजिश को भांपकर आंदोलन चला दिया था। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि देश के लिए अपना बलिदान देने वाले ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे। जिले भर में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय इतिहास की एक ऐसी महान विभूति थे, जिनका जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और दृढ़ संकल्प का प्रतीक रहा है। वे केवल एक राजनीतिज्ञ ही नहीं, बल्कि एक विचारक, शिक्षाविद् और देशभक्त भी थे, जिनके संकल्प आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। आज ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 हटाकर पार्टी के सकल्पों को पूरा किया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में "दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का विरोध करते हुए वलिदान दिया। हमारी पार्टी वलिदान के आधार पर बनी पार्टी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें संदेश देता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है।



## बी निःस्वार्थ क्लब की महिलाओं ने किया योग

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर प वी निस्वार्थ क्लब की किरन गोयनका के द्वारा अपने निवास पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। योगाभ्यास योग शिक्षक शबनम सिंह के द्वारा करवाया गया। वी निस्वार्थ क्लब की किरन गोयनका ने बताया कि योग सिर्फ हमारे व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए ही लाभदायक नहीं है, बल्कि यह पूरी पृथ्वी के स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाता है। आज के भाग-दौड़ के जीवन में शारीरिक एवं मानसिक व्याधाओं को दूर करने के लिए योग जैसे प्राकृतिक उपाय और इससे कई प्रकार के शारीरिक लाभ भी है। अंतराष्ट्रीय योग दिवस शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के प्रति जागरूकता फैलाने का वैश्विक प्रयास है। लोगों को कठिन आसनों से शुरुआत नहीं करनी चाहिए। उन्हें सरल और फायदेमंद योगासनों को पहले अपनाना चाहिए। योग शिक्षक शबनम सिंह के द्वारा उपस्थित महिलाओं को प्राणायाम अनुलोम विलोम सहित सूर्य नमस्कार जैसे योगासन का योगाभ्यास करवाया गया। योगाभ्यास में बी क्लब निस्वार्थ की महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संकल्प लिया कि योग को हम अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करेंगे जिससे शरीर हमारा निरोग रहे।



## नवजात शिशु की मां को छुट्टी होने से पहले ही जारी करना होगा शिशु का जन्म प्रमाण पत्र

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रसव के बाद अस्पताल से माँ की छुट्टी होने से पहले ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र जारी हो जाए। मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) एवं आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी मध्यप्रदेश ऋषि गर्ग ने इस आशय के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के अपने प्रयास में, भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय ने नागरिक पंजीकरण प्रणाली में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 में संशोधन, राज्य जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण नियमों में संगत संशोधन, एक नए केंद्रीय सीआरएस पोर्टल का विकास आदि शामिल हैं। जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह समय की मांग है कि यह प्रमाण पत्र नवजात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाए, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक होते हैं। जन्म प्रमाण-पत्र अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। राज्य शासन के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा अस्पताल में ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के लिये दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इससे जन साधारण को अपने शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

## जल जनित, खाद्य जनित एवं वैक्टर जनित रोगों से बचाव एवं उपचार के लिए एडवाइजरी जारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसमुदाय के लिए वर्षा ऋतु में जल जनित, खाद्य जनित एवं वैक्टर जनित रोगों से बचाव, निदान एवं उपचार के लिए एडवाइजरी जारी की गई हैं। दूषित खाद्य पदार्थों से संभावित रोग के नियंत्रण हेतु खाना पकाने वाले पेयजल को उबालकर उपयोग किया जाए एवं खाद्य पदार्थों को ढक कर रखा जाए। शौच के पश्चात हाथों को साबुन-पानी से धोया जाए एवं मलमुत्र के सुरक्षित निपटान को सुनिश्चित किया जाए। घरेलु पेयजल के शुद्धिकरण हेतु 1/8 चाय के चम्मच (0.75 एमएल) ब्लिच से लगभग 4 लीटर पानी की शुद्धि की जा सकती है। ऐसे पानी को लगभग 30 मिनट उपचारित करने के पश्चात उपयोग किया जाए। यदि पेयजल गंदला/मटमीला हो तो 1/4 चाय के चम्मच (0.25 एमएल) ब्लिच से लगभग 4 लीटर पानी की शुद्धि की जा सकती है। जल की शुद्धि हेतु क्लोरिन टेबलेट का उपयोग भी किया जा सकता है। जल संधारण के पात्रो को स्वच्छ रखा जाए एवं मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम हेतु पानी को सतत बदला जाए एवं पात्र को ढककर रखा जाए। पेयजल के उपयोग हेतु कुओं में क्लोरीन की मात्रा 0.5 mg/l से कम होना चाहिए। वर्षा ऋतु में ठहरे हुए पानी जल भराव क्षेत्रो में मच्छर के लार्वा के नियंत्रण हेतु विशेष निगरानी की जाए एवं बसाहटों के समीप लार्वा नियंत्रण हेतु उपाय सुनिश्चित किए जाए।

## पवित्र नगरी अमरकंटक में 7 दिनी गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट शाखा बिलासपुर के तत्वाधान में 7 जुलाई आसान शुक्ल द्वादशी अनुराधा नक्षत्र से 13 जुलाई 25 दिन रविवार श्रावण मास कृष्ण पक्ष तृतीया श्रवण नक्षत्र सात दिवसीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य एवं विशाल आयोजन मेला मैदान es भक्त श्रद्धालुओं द्वारा धर्म मय आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर शिव महापुराण की कथा परम पूज्य सदगुरुदेव भगवान श्री चिन्मयानंद बापू जी के पावन सानिध्य मे आयोजित होना है। अगाध भक्ति, अपार श्रद्धा और अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव का लाभ गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर शिष्यों एवं भक्तों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस पावन पुनीत अवसर पर 10 जुलाई 25 दिन गुरुवार पू.षा. नक्षत्र गुरु पूर्णिमा के दिवस सदगुरुदेव भगवान की चरण पादुका पूजन एवं शिव महापुराण कथा का दिव्या एवं भव्य आयोजन संपन्न होगा। जो भी भक्त श्रद्धालुगण इस विशाल एवं भव्य आयोजन में शामिल होना चाहते हैं वह विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट हरिद्वार उत्तराखंड एवं शाखा बिलासपुर से आवश्यक जानकारी लेकर संपर्क स्थापित कर सकते हैं। बताया गया है कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर परम पूज्य संत सदगुरु देव भगवान स्वामी चिन्मयानंद बापू के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश दिल्ली उत्तराखंड से हजारों की संख्या में भक्त श्रद्धालु उनके परम शिष्य शामिल होंगे।